Publication: **Hindustan** | Region: **Delhi** | Date: **10/06/2015** | Page No.: **13**

रिलायंस लाइफ का नया प्लान

नई दिल्ली। निजी बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने बच्चों के लिए नया चाइल्ड प्लान 'रिलायंस एजुकेशन प्लान' पेश किया है।

कंपनी ने मंगलवार को कहा कि 20 साल से 50 साल की उम्र के अभिभावक अपने बच्चे की जन्म से 18 साल की उम्र तक इस प्लान का लाभ ले सकते हैं तथा इसके तहत एकमुश्त भुगतान की सुविधा भी है। प्लान के तहत अभिभावक की मृत्यु की स्थिति में बिना किसी प्रीमियम के मृत्यु लाभ के रूप में 50 प्रतिशत राशि एकमुश्त देय होगी। (वि. सं.)